प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19.06.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विश्वास जताया है कि भारत लक्ष्य से पहले ही सिकल सेल रोग का उन्मूलन कर लेगा। मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में विश्व सिकल सेल दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने इस अनुवांशिक बीमारी के खिलाफ, विशेषकर जनजातीय समुदायों के बीच, जागरूकता बढ़ाने और समन्वित प्रयासों का आह्वान किया।

****

विश्व सिकल सेल दिवस पर रांची सदर अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में इसकी जांच मुफ्त उपलब्ध है। झारखंड की करीब आठ से दस प्रतिशत आबादी में सिकल सेल जीन मौजूद है, जिसके लिए जल्द ही राज्य में विशेष मुफ्त जांच सर्वे अभियान चलाया जाएगा।

****

जमशेदपुर के बिरसानगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किफायती आवास परियोजना के लाभार्थियों के लिए गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह में कुल तीन सौ बाईस लाभुकों को उनके नए और सुरक्षित पक्के मकानों की चाबियां सौंपी गईं। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि और क्षेत्रीय सांसद विद्युत वरण महतो ने लाभार्थियों को बधाई देते हुए योजना के महत्व पर प्रकाश डाला।

****

केंद्र सरकार पहली जुलाई से विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन यानी वीबी–जीरामजी अधिनियम लागू करने जा रही है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय देशभर में सौ से अधिक क्षेत्रीय अधिकारी तैनात करेगा। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2026–27 के वास्ते पंचाणवे हजार करोड़ रुपये से अधिक का अंतरिम आवंटन मंजूर किया गया है।

****

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी– एनटीए ने 21 जून को होने वाली नीट–यूजी पुनर्परीक्षा के उम्मीदवारों के लिए एक आधिकारिक व्हाट्सएप चौनल शुरू किया है। सभी संदेश केवल सत्यापित नंबर 7827980287 से भेजे जाएंगे। एनटीए ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन उम्मीदवारों ने 21 जून की पुनर्परीक्षा के लिए अपने एडमिट कार्ड पहले ही डाउनलोड कर लिए हैं, उन्हें इसे दोबारा डाउनलोड करने की आवश्यकता नहीं है।

****

एम्स देवघर के कार्यकारी निदेशक समेत नौ डॉक्टरों को दुनिया के शीर्ष पांच प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में स्थान मिला है। ग्लोबल साइंटिस्ट इंडेक्स की यह रैंकिंग ओपेनएलेक्स के वैश्विक शोध आंकड़ों पर आधारित है, जिसने चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में संस्थान का गौरव बढ़ाया है।

****

साहिबगंज जिले के राजमहल में खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को कृषिका ऐप के माध्यम से केसीसी लोन के आसान तरीकों की जानकारी दी गई। अग्रणी बैंक प्रबंधक प्रदीप कुमार झा ने किसानों को लोन में पारदर्शिता और रासायनिक उर्वरकों के बजाय प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित कियइं

****

राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। हज़ारीबाग़ में सर्वाधिक तीन, जबकि रामगढ़, पलामू, लोहरदगा, गोड्डा और पश्चिमी सिंहभूम में एक–एक व्यक्ति की जान गई। इस बीच, रांची मौसम केंद्र ने धनबाद और दुमका सहित सात जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। अगले कुछ घंटों में यहां तेज हवाओं के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका है। प्रशासन ने खराब मौसम में लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

********समाप्त********